हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 दस दिन के भीतर ही जलावर्धन के कर्मचारियों...

05 पूसा की उपज 90 प्रतिशत तो समर्थन मूल्य पर क्रांति...


### जिले में कोरोनो के नए वेरिएंट को लेकर अलर्ट जारी, जांच में तेजी, पुख्ता इंतजाम के निर्देश जारी

# शीतलहर से ठिठुरा जिला, पचमढ़ी की रात कोल्ड बेव,नर्मदापुरम भी सर्द रहा

**जिलेभर सहित नर्मदापुरम में बुधवार को सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन सर्द हवाओं ने ठिठुरन का अहसास कराया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में उत्तर से आ रही बर्फीली हवा के कारण ठंड लगातार बढ़ रही है। मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात नर्मदापुरम के न्यूनतम पारे में 1.4 डिसे की गिरावट हुई और पारा 11.0 डिसे दर्ज हुआ। वहीं अधिकतम तापमान में भी मामूली सी गिरावट आई है पारा 26.1 डिसे दर्ज हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों तक तापमान में गिरावट जारी रहेगी। मंगलवार को दिन भर मौसम सर्द हवाओं से जकड़ा रहा, जिससे सर्दी का अहसास होता रहा। बीच-बीच में बादलों का डेरा रहा और धूप भी निकलती रही। लेकिन हवाओं के कारण सर्दी तेज महसूस हुई।

## रात का गिरा, दिन का बढ़ा

हिल स्टेशन पचमढ़ी में पिछले चार दिनों से दिन व रात के तापमान में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान 6 डिसे दर्ज हुआ जिसमें 1.2 डिसे की गिरावट आई इस दौरान पचमढ़ी की रात कोल्ड बेव रही। वहीं अधिकतम तापमान 5.4 डिसे की बढ़ोत्तरी के बाद 22.8 डिसे जा ठहरा। वहीं दिन में बादलों के बीच-बीच धूप भी निकलती रही, लेकिन धूप में तेजी न होने और हवाओं की रफ्तार 9 से 11 किमी प्रति घंटा होने से सर्दी महसूस होती रही। मौसम वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि वर्तमान में मौसम का मिजाज दो दिनों तक ऐसा ही बना रहेगा हालांकि उन्होंने बताया कि दो दिन बाद एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिसके कारण तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज होगी।

## दिसंबर में इस तरह दर्ज हुआ पारा नर्मदापुरम

| | | |
|---|---|---|
| 20 दिसंबर | अधिकतम | 26.9 |
| | न्यूनतम | 11.0 |
| 19 दिसंबर | अधिकतम | 26.1 |
| | न्यूनतम | 12.4 |
| 18 दिसंबर | अधिकतम | 26.6 |
| | न्यूनतम | 11.4 |
| 17 दिसंबर | अधिकतम | 27.2 |
| | न्यूनतम | 14.0 |
| 16 दिसंबर | अधिकतम | 25.7 |
| | न्यूनतम | 14.0 |

## दिन और रात के पारे की चाल पचमढ़ी

| | | |
|---|---|---|
| 20 दिसंबर | अधिकतम | 22.8 |
| | न्यूनतम | 6.0 |
| 19 दिसंबर | अधिकतम | 17.4 |
| | न्यूनतम | 7.2 |
| 18 दिसंबर | अधिकतम | 19.0 |
| | न्यूनतम | 6.4 |
| 17 दिसंबर | अधिकतम | 22.2 |
| | न्यूनतम | 7.2 |
| 16 दिसंबर | अधिकतम | 20.6 |
| | न्यूनतम | 7.4 |

## आसमान में छाए बादल

बुधवार शाम को सर्दी की दस्तक के साथ ही बादलों का जमावड़ा आसमान में नजर आया। यह पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से हुआ। अब एक-दो दिन तापमान में बढ़ोतरी की संभावना मौसम वैज्ञानिकों ने जताई है।

## इंतजाम नाकाफी बढ़ाने लिखा पत्र

जिला अस्पताल में ही स्वास्थ्य सुविधाएं बेपटरी नजर आ रही है। ऐसे में आगामी आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाएगा। यह समय ही बताएंगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभी जिले में कोरोना से पीड़ित कोई भी मरीज नहीं है लेकिन जिला अस्पताल परिसर में लगाया गया 750 एमएलपी का ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़ा हुआ है। जिसके बंद होने की जानकारी विभाग ने संचालनालय को भेजी है। कोरोना के अलर्ट के साथ ही निमोनिया के मरीजों की भी जांच के निर्देश दिए है साथ ही संदिग्धों की जानकारी आईएचआईपी पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। हालांकि पत्र के बाद से इंतजामों पर ध्यान दिया जाने लगा है।

## सर्दी-खांसी और बुखार के संभावित मरीजों को त्वरित उपचार दें

**नर्मदापुरम।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट जेएन 1 को लेकर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देश के बाद स्थानीय स्वास्थ्य महकमा हरकत में आ गया है और सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने जिले के सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य केंद्रों में जांच में तेजी के प्रयास और सावधानियां को लेकर अलर्ट जारी किया है। सीएमएचओ कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार कोविड 19 के नए वेरिएंट में संक्रमण की रोकथाम व पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्टेट बिस्तर, आईसीयू बिस्तर, वेटिंलेटर लॉजिस्टिक जैसे पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन सिलेंडर, कंसनट्रेटर व अन्य जीवन रक्षक दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश शामिल हैं। जिला स्तर से सभी स्वास्थ्य संस्था प्रभारियों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और तीव्र श्वसन बीमारी के संस्थाओं में आने वाले मरीजों की नियमित जांच एवं बचाओ तथा रोकथाम के लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। साथ ही स्वास्थ्य संस्थाओं में कोविड 19 की जांच हेतु पर्याप्त संसाधन एवं कर्मचारी उपलब्ध व पूर्व में जारी कोविड 19 की गाइड लाइन अनुसार सभी स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा पालन किया जा रहा है तथा सर्दी-खांसी एवं बुखार के संभावित मरीजों को त्वरित उपचार देने के साथ ही जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि यदि सर्दी-खांसी और बुखार हो तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार करवाएं। साथ ही भीड़भाड़ वाले स्थलों से दूरी बनाए, नियमित मास्क पहनने और हाथों को धोना दिनचर्या में लाएं। जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट आईडीएसपी आर एस चौहान ने बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट से बचाव और सुरक्षा के लिए मंगलवार को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

# शर्मनाक घटना को लेकर नर्मदांचल में भी आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश के सर्वोच्च पद रहने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों ने मिलकर पिछले दिनों मजाक उड़ाया था और राहुल गांधी उस घटना का वीडियो बना रहे थे। इस शर्मनाक घटना से पूरे देश में आक्रोश है। नर्मदापुरम में भी इस शर्मनाक घटना का विरोध हुआ। बुधवार दोपहर युवाओं ने टेलीफोन एक्सचेंज चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान युवाओं ने राहुल गांधी के विरुद्ध नारेबाजी भी की। इस दौरान युवाओं ने कहा कि संवैधानिक पद की गरिमा का ध्यान राहुल गांधी द्वारा नहीं रखा गया। इस प्रकार की शर्मनाक हरकत राहुल गांधी और उनकी पार्टी के संस्कारों को बताती है। यह शर्मनाक है कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने भद्दे अंदाज में राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी और उसका वीडियो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी वीडियो बनाते हुए हंस रहे थे। सभी युवाओं ने एक स्वर में कहा कि इस शर्मनाक कर देने वाली घटना के लिए राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस पुतला दहन में विकास नारोलिया, दीपक महालहा, मनीष परदेशी, रूपेश राजपूत, गौरव नायक , योगेंद्र सोलंकी, सुंदरम अग्रवाल, धर्मेंद्र जाट, वीरू पटवा आदि मौजूद रहे।

## रासलीला का आयोजन 1 से 8 जनवरी तक

**नर्मदापुरम।** प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी मालाखेड़ी स्थित स्वयंवरम गार्डन में वृदावन की रासलीला का आयोजन 1 से 8 जनवरी तक किया जायेगा। आयोजन समिति के प्रमुख डा आशुतोष शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फतेह कृष्ण शर्मा की मंडली द्वारा 8 दिनों तक कृष्ण रस की वर्षा की जाएगी। इस दौरान भगवान की बाल लीलाओं का जीवंत मंचन किया जायेगा। लीला का आयोजन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होगा। इस आयोजन में पधारकर भगवान कृष्ण के प्रेम रस में अगवाहन कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# इंटरएक्टिव बोर्ड के उपयोग के लिए प्रशिक्षित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा महाविद्यालय के आईक्यूएसी के द्वारा बुधवार को शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका लक्ष्य प्राध्यापकों को इंटरएक्टिव बोर्ड के उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना था। समकालीन परिदृश्य में, आईसीटी सक्षम तकनीकों के माध्यम से शिक्षण की अत्यधिक आवश्यकता है। प्रशिक्षण का प्रारम्भ डॉ. कमल वाधवा के परिचय एवं स्वागत भाषण से हुआश। प्राचार्य डॉ. ओएन चौबे ने आईसीटी सक्षम उपकरणों के उपयोग की सख्त आवश्यकता के बारे में बताया और प्रशिक्षण के उद्देश्य को उजागर किया। उन्होंने शिक्षकों से उन्नत आधुनिक तकनीक से अपडेट रहने का आह्वान किया। ग्लोबस कंपनी के पुनीत ने इंटरएक्टिव बोर्ड के उपयोग पर जानकारी सांझा की। उन्होंने सिस्टम को शुरू से खोलने से लेकर बंद करने तक की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे स्क्रीन पर अलग-अलग आइकन दिए जाते हैं। इन्हें कोई भी जरूरत के हिसाब से छूकर इस्तेमाल कर सकता है। शिक्षण को प्रभावी, संवादात्मक, रोचक, बहुआयामी बनाने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है। इंटरैक्टिव बोर्ड के उपयोग के बारे में उनके द्वारा प्रस्तुत स्थूल दृष्टिकोण ने संकाय सदस्यों के लिए एक प्रोत्साहन के रूप में काम किया। एक ही मंच पर शिक्षण के अनेक विकल्पों की उपलब्धता ने शिक्षकों को लाभान्वित किया।

## तीन दिवसीय गीता जयंती महोत्सव आज से



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा तट पर गीता जयंती महोत्सव पर तीन दिवसीय ज्ञान सत्र का आयोजन 21 दिसंबर गुरूवार से आयोजित किया जाएगा। इस तीन दिवसीय आयोजन में श्रीमद् भागवत गीता और जीवन मुक्ति विषय पर विद्वान अपने-अपने विचार रखेंगे। इसके साथ ही गीता मनीषी भी प्रवचन देंगे। शाम 7 बजे से सेठानी घाट स्थित तिलक भवन में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में ऋषिकेश से महामंडलेश्वर स्वामी अभिषेक चैतन्य गिरी महाराज भी शामिल होंगे। गीता जयंती महोत्सव समिति के पदाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में श्रीमद् भागवत गीता और जीवन मुक्ति पर सारगर्भित प्रसंग पर विद्वान, प्रवचन कार और गीता मनीषी प्रवचन देंगे। इस मौके पर अनेक विशिष्टजन शामिल होंगे।

# श्रीराम कथा के रसपान से खत्म होती हैं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



चौथे दिन कथा वाचक डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी ने कहा की श्रीराम कथा के रसपान से खत्म होती है समस्याएं। श्रीराम कथा सिर्फ भक्तों के जीवन के तरण तारण का माध्यम नहीं बल्कि युवाओं में उत्साह और बालकों में संस्कार का माध्यम है। भक्तों को श्रीराम कथा चरित्र मानस का और कथा क्यों सुनाई चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने कहा की राक्षस संस्कृति के अनुयायियों का अत्याचार अपने चरम पर पहुँच गया। तब भगवान श्रीराम ने राजा दशरथ की पटरानी माता कौशिल्या के पुत्र के रूप में राजा के चौथेपन में अवतरित हुए। चौपाई सुनाते हुए कहा "जब-जब होहि धर्म कै हानी, बाढहिं असुर अधम अभिमानी। तब-तब धरि प्रभु विविध शरीरा ,हरहिं सकल सज्जन भव पीरा। कथा वाचक ने कहा कि भगवान खोजे नहीं जाते। बल्कि अंतर्मन से पुकारे जाते हैं। तभी ईश्वर के दर्शन होते हैं। कहा कि कथा सभी के जीवन की व्यथा को दूर करने का साधन है। जिसके श्रवण मात्र से इस भवसागर से मनुष्य का कल्याण होता है। संगीतमयी श्रीराम कथा बाईराम आश्रम बांद्राभान में आयोजित की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं बहने बुजुर्ग युवा बड़ी संख्या में कथा श्री राम कथा सुनने पहुंच रहे हैं।इस अवसर पर राजेंद्र सिंह पूर्व विधायक बुधनी, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश वेयरहाउस, विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर, महेश उपाध्याय अध्यक्ष सलकनपुर देवी मंदिर ट्रस्ट, अशोक सिंह, शिवनारायण मालवीय, मनोहर सिंह राजपूत, अजयपाल सिंह ( बल्लू भैया ) सहित अन्य मौजूद रहे।

# शांतिधाम श्मशान घाट के कायाकल्प के लिए सम्मानित हुए प्रमोद पगारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर में स्थित जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में सामाजिक एवं साहित्यिक अवदान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शांतिधाम शमशान घाट गोकुल नगर खेड़ा इटारसी को नया स्वरूप देने के लिए एवं सामाजिक कार्यों को मान्यता प्रदान करते हुए महाविद्यालय परिवार द्वारा नगर के समाजसेवी पत्रकार प्रमोद पगार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अरुण पटेल भोपाल शिक्षा समिति के अध्यक्ष, आचार्य मनमोहन मुद्गल, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा के द्वारा यह सम्मान पगारे को प्रदान किया गया। उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम संभाग के समाजसेवी प्रमोद पगारे का जन्म 29 जनवरी 1959 को भूदानी आंदोलन के कार्यकर्ता स्वर्गीय श्री महादेव पगारे के यहां पर इटारसी में हुआ। पगारे ने एमए हिंदी, एमए राजनीति शास्त्र, एमए इतिहास तक शिक्षा ग्रहण की। हिंदी शॉर्ट हैंड में गोल्ड मेडलिस्ट है। सन 2011 में प्रमोद पगारे के जीवन में परिवर्तन आया, तत्कालीन कलेक्टर निशांत बरबड़े ने इटारसी शमशान घाट की दुर्व्यवस्था को देखकर जन भागीदारी का सुझाव दिया। रोटरी क्लब, नगर पालिका एवं शहर के नागरिकों ने मिलकर शांति धाम शमशान घाट जन भागीदारी समिति बनाई।

जिसके द्वारा 2 करोड रुपए से ऊपर के कार्य अब तक कराए गए। यह शमशान घाट आईएसओ प्रमाणित है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर एवं आसपास के बड़े शहरों में भी इतना खूबसूरत एवं साफ सुथरा श्मशान घाट नहीं है। यहां आने के बाद आदमी को यह कल्पना ही नहीं होती कि वह शमशान घाट में आया है अथवा किसी बगीचे में।प्रमोद पगारे सदस्य कार्यकारी के रूप में इस श्मशान घाट के कार्य का दायित्व देख रहे हैं और करीब 13 कर्मचारी निरंतर कार्य करते हैं। कोरोना महामारी के समय इस श्मशान घाट में 470 चिताओं का अंतिम संस्कार करवाया। बता दे कि प्रमोद पगारे विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े हैं।

### बड़ी पहाड़ियों के चारों ओर किया जा रहा पत्थरों की बाउंड्री का निर्माण

# शैलाश्रयों की सुरक्षा बढ़ाने बन रही दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विन्य पर्वत में मौजूद आदमगढ़ की पहाड़ियां को जिले में मानवजीवन की शुरूआत माना जाता है। आज भी पहाड़ियां पर बने शैलाश्रय आदिमानव काल की याद दिलाते है। जिले में आदमगढ़ की पहाड़ियां पुरातन काल से आकर्षण का केंद्र बनी है। यहां की चट्टानों पर अमिट स्याही से बने चित्र सदियों से पुरातन काल की याद को अपने में समेटे है।

अब यहां आदमगढ़ की पहाड़ियां में शैलचित्रों को सुरक्षा देने करीब 500 मीटर लंबी और 6 फीट ऊंची पत्थरों को तराशकर दीवार का निर्माण किया जा रहा है। जिससे पहाड़ियां के क्षेत्र को सुरक्षित किया सके। जिसका काम शुरू हो गया है। इन पत्थरों पर भी चैनी-हथौड़ी की सहायता से नक्काशी कर उन्हें तराशा जा रहा है। ताकि भविष्य में पहाड़ियां क्षेत्र में अतिक्रमण जैसे हालात भी निर्मित नहीं हो। पहाड़ियां पर कार्यरत संजय राजपूत ने बताया कि पत्थर से बनने वाली दीवाल का काम शुरू हो गया है। अभी पहाड़ियां के पिछले हिस्से में काम जारी है। जिससे शैलचित्र सहित पहाड़ियां के संपूर्ण क्षेत्र को सुरक्षत किया जाएगा। काम बहुत तेजी से जारी है।

## अमिट स्याही से बने शैलाश्रय

विन्ध पर्वत माला में विद्यमान आदमगढ़ की पहाड़ियां मुख्यतः शैलाश्रय के लिए जानी और पहचानी जाती है। इस पहाड़ियां क्षेत्र में प्रागेतिहासिक काल से ऐतिहासिक काल तक के शैलचित्र है। सन 1960-61 में बड़ी मात्रा में पहाड़ियां से पाषाण काल के बड़े और छोटे उपकरण मिले। जिन्हें देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह स्थान आदिमानव द्वारा बनाए गए उपकरणों के निर्माण स्थल के लिए प्रयुक्त होता था। इस स्थान पर कुल 18 शैलाश्रय मौजूद है। जिसमें आदिमानव काल द्वारा बनाए गए चित्र विद्यमान हैं जो उनकी रचना कौशल के नमूने है। शैलाश्रय में मौजूद चित्रित-चित्रों की विषय वास्तु में पशु जैसे वृषभ, गज, अश्व, सिंह, गाय, जिराफ, हिरण आदि योद्धा मानवकृतियां शैलाश्रयों के चित्र बारिश और धूप से खराब हो गए थे। जिन्हें दोबारा खनिज रंगों से उकेरा गया है। अब आदमगढ़ की पहाड़ियां पर शैलानियों की सुविधाओं को धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है। प्रतिदिन आने वाले सैलानियों से पहाड़ियां घूमने का शुल्क भी वसूला जाता है। कुछ समय पूर्व अवैध रूप बनी कॉलोनी को भी हटाया गया है।

## समेरिटंस में समुन्नयन प्रदर्शनी 22 और 23 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

समेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल संदीपनी परिसर मालाखेड़ी में समुन्नयन प्रदर्शनी का आयोजन 22 और 23 दिसंबर को किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए स्कूल के डायरेक्टर डा आशुतोष शर्मा और प्राचार्य प्रेरणा रावत ने बताया कि 22 को प्राथमिक और 23 को मिडिल स्कूल स्तर की प्रदर्शनी होगी।

इस प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी, संस्कृत सहित अन्य विषयों पर आधारित माडल तैयार किए हैं। इनमे कुछ चलित माडल भी हैं। उन्होंने बताया कि समुन्नयन से बच्चों को काफी प्रेरणा मिलेगी। वे भविष्य में और अधिक उत्साह से रचनात्मक कार्य करेंगे। प्रदर्शनी सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक खुली रहेगी।

# विशेष कैंप में बनवा सकते हैं विक्रेता खाद्य लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को नगर होशंगाबाद एवं इटारसी नगर पालिका मे मांस, मछली, अंडा एवं अन्य खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के खाद्य लाइसेंस हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसमें होशंगाबाद क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा लगभग 50 अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर लाइसेंस आवेदन करवाए गए। इसी प्रकार इटारसी नगर पालिका में आयोजित कैंप में लगभग 57 मांस मछली विक्रेताओं द्वारा आवेदन की प्रक्रिया करवाई गई एवं उनके द्वारा लाइसेंस हेतु आवेदन नगर पालिका द्वारा एनओसी जारी करने पर एमपी ऑनलाइन से किए जाएंगे। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार एवं जितेंद्र सिंह राणा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत खाद्य लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही ऑनलाइन आवेदनों की स्क्रूटनी कर तुरंत लाइसेंस जारी किए जा रहे है इसके अतिरिक्त साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए। आगामी दिनों में 21 दिसंबर को सोहागपुर एवं सिवनी मालवा में, 22 दिसंबर को पिपरिया एवं माखननगर में तथा 23 दिसंबर को बनखेड़ी में उक्तानुसार नगरपालिका परिसर में कैंप आयोजित किए जा रहे है। सभी खाद्य व्यवसायी उक्त कैंप में आकर अपने खाद्य लाइसेंस बनवा सकते है।

## खबर संक्षेप

### 27 को जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव

**बैतूल।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023 में युवा उत्सव का जिला, संभाग, राज्य, राष्ट्रीय आयोजन दिसंबर-जनवरी 2024 में किया जा रहा है। इस वर्ष युवा उत्सव में 08 विधाएं लोकगीत, लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, रूहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण एवं फोटोग्राफी को सम्मिलित किया गया है। युवा उत्सव 2023-24 में जिला, संभाग स्तरीय आयोजन वर्चुअल मोड में किया जाएगा। प्रतिभागियों से प्राप्त सीडी (वीडियो) की प्रस्तुति के आधार पर चयन किया जाएगा। युवा उत्सव में प्रतियोगिता हेतु प्रतिभागी की आयु न्यूनतम 15 वर्ष एवं अधिकतम 25 वर्ष (दिनांक 27/12/2023 की स्थिति में) होनी चाहिए एवं म.प्र. का मूलनिवासी होना चाहिए।

### बैतूल के पहलवानों ने इटारसी में दिखाए जौहर

**बैतूल।** रामविवाह सम्मेलन इटारसी में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र जय हनुमान व्यायाम शाला बैतूल के पहलवानों द्वारा किए गए हैरतअंगेज करतब रहे। जय हनुमान व्यायाम शाला के उस्ताद विजय आर्य स्नेही के मार्गदर्शन में व्यायाम शाला के पहलवानों द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसमें रवि मिश्रा, खलीफा पूरनलाल रायपुरे, मोहन पटेल, कैलाश पानकर, दीपक डहेरिया, बाला पाठक, रवि सुरे, अर्जुन बोरवार, आशीष चौहान, विजय, मुकुल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### मुख्य सड़क में बना रहे पानी का वॉलटैंक

# दस दिन के भीतर ही जलावर्धन के कर्मचारियों ने खोदी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सात वार्डो को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य शुरू होते ही 10 दिन के भीतर जलावर्धन योजना का काम देखने वाले कर्मचारियों के माध्यम से में पाइपलाइन में सिपेज आ जने की वजह से इस पाइपलाइन की मरम्मत के लिए नवनिर्मित सड़क को तोड़कर गड्ढा बनाने का काम किया है।जिसकी वजह से वार्ड पार्षद सहित आम नागरिकों में जलावर्धन योजना का काम देखने वाले अनपढ़ इंजीनियरों के विरोध शुरू कर दिया है। इसके अलावा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 24 के पूर्व पार्षद रमेश पवार की दुकान से महज 5 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर वॉल टैंक बनाने का काम किया जा रहा है,आश्चर्य की बात यहां है कि जब जलावर्धन योजना का काम देखने वाले इंजीनियरों के माध्यम से सर्वे किया गया था तब उन्हें यह सड़क दिखाई क्यों नहीं दी,मुख्य सड़क पर ही वॉल टैंक तैयार किया जा रहा है जो दुर्घटना का कारण बन सकता है।सात वार्डो को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है और इस कार्य को अभी पूरा भी नहीं किया गया है कि उसके पहले ही सड़क को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 17,संत रविदास वार्ड क्रमांक 23, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 24,छत्रपति शिवाजी वार्ड क्रमांक 25,स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 26,डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 27,रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 28 के बीच लगभग 3 किलोमीटर तक निर्माण होने वाले सड़क के दोनों तरफ जलावर्धन योजना के माध्यम से पाइपलाइन बिछाया जाना था लेकिन कम बजट में काम करने के उद्देश्य से जल आवर्धन योजना का काम देखने वाले अनपढ़ इंजीनियरों की वजह से सड़क के एक तरफ ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया गया है।जिसकी वजह से पानी सिपेज होकर मुख्य सड़कों पर बह रहा है।इससे भी आश्चर्य और दुखद में पहलू तो यह है कि अभी तक जलावर्धन योजना का पानी नियमित रूप से शुरू नहीं हुआ है यदि यह पानी नियमित रूप से शुरू होगा तो निश्चित तौर से सात वार्डों के बीच बनने वाली सड़क से जगह-जगह से सिपेट होगा और सड़कों को खोदना पड़ेगा ऐसी स्थिति में एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस सड़क का कोई महत्व एवं उचित बनता दिखाई नहीं दे रहा है।





#### इनका कहना है

संत रविदास वार्ड में पाइप लाइन में सिपे आ जाने की वजह से मुख्य सड़कों को तोड़कर पाइप की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसमें जो खर्च आएगा उसकी भरपाई जलावर्धन योजना का काम देखने वाले अधिकारियों से लिया जाएगा जब तक सड़क के दोनों तरफ पाइपलाइन बिछकर नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा तब तक सड़क का निर्माण रोक दिया गया है।

**किशोर बरदे**
नगर पालिका अध्यक्ष सारनी

#### शोभापुर कॉलोनी में भी पाइप बिछाने का कार्य शुरू

शोभापुर कॉलोनी के वेकोलि के आवसो के बीच में पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया है लेकिन यहां पर भी जलावर्धन योजना का काम देखने वाले इंजीनियरों के माध्यम से सिर्फ एक तरफ भी पाइपलाइन बिछाई जा रही है जिसकी वजह से परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।जबकि कॉलोनी के दोनों तरफ बीच में सड़क गई है तो इंजीनियरों को दोनों तरफ पाइप बिछकर नल नल कनेक्शन किया जाना चाहिए लेकिन ऐसा ना करके एक तरफ पाइप बिछकर सड़क को खोदने का काम इनके माध्यम से किया जाएगा जिससे एक बार फिर शोभापुर कॉलोनी की सड़कों को उखाड़ कर कॉलोनी की बतसुरत बनाने का काम जलावर्धन योजना के इंजीनियरों के माध्यम से किया जाएगा।

# राजा ठाकुर के नेतृत्व में 152 लोगों ने की हिंदू धर्म में घर वापसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

सावलमेंढा के रामदेव बाबा संस्थान महाराष्ट्र एवं मप्र राज्य के अचलपुर सावलमेंढा भैंसेदही कोथलकुण्ड के सनातन धर्म समर्थक कार्यकर्ताओं खामला बडगांव जुनापानी भंडोरा एवं अन्य महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित अनुसूचित जनजाति, अनुसुचित जाति के लगभग 152 महिला पुरुषों को उनकी स्वेच्छा से हिन्दु (सनातन) धर्म में घर वापसी करवाई गई। बुधवार को सांयकालीन सत्र में राजा ठाकुर ने आर.एस.के कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान समस्त जानकारी पत्रकार बंधुओं को प्रदान की। राजा ठाकुर ने आगे बताया कि घर वापसी सभी लोगों के पैर पखारकर यक्ष माला पहनाकर यज्ञ के लिए भेजा। कोथलकुंड के आशीष वाजपेयी द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर आहुतिया डलवाई गई। घर वापसी 152 लोगों से राजा ठाकुर द्वारा पुछने पर की आपको किसी ने दबाव या प्रलोभन धर्म वापसी के लिए नहीं दिया। सभी ने दो टूक शब्दो में कहा कि हम अपनी ईच्छा से हिन्दू धर्म में आ रहे हैं। अब हम आप सभी का प्यार, स्नेह सम्मान देखकर अभिभुत यह हमे पूर्व में धर्म बदलने पर नहीं मिल पा रहा था। समाज के प्रभुत्व नागरिक गोकूल पंन्द्राम, महेन्द्र सिंह द्वारा रामदेव बाबा संस्थान सांवलमेंढा में समस्त व्यवस्था की गई। घर वापसी होने वालों ने कहा कि धारणी के पास दूनी गावं में पूर्व वर्षो में सोनिया गांधी आई थी। यहा अधिकांश कोरकू समाज परिवार द्वारा धर्मान्तरण किया गया। पर आज इन परिवारों ने संकल्प लिया है कि हम मेलघाट एवं मध्यप्रदेश की सीमा पर सभी गांव के धर्मान्तिरित परिवार को समझाइश देकर हिन्दू धर्म में वापस लाएंगे। राजा ठाकुर ने सभी के साथ सहभोज किया तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं से जो परिवार वंचित रह गये। उन्हे योजनाओं का लाभ दिलवाने हेतु आशास्वत किया। श्री ठाकुर ने शासन से माग की है कि जो धर्मान्तरण कर रहे हैं उनहे शासन की किसी भी योजनाओं तथा आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाए। प्रेस वार्ता के दौरान नप अध्यक्ष मनीष सोलंकी, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप घोरे, पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश कावडकर, ललित छत्रपाल, अंकित कुमार राठौर, गणेश राय आदि रहे मौजूद।

### रातों-रात लोहे की गुमटी बनाकर मंडल की भूमि पर रख रहे हैं लोग

# मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के जय स्तंभ चौक की भूमि पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी



मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के भूमि पर इन दिनों अतिक्रमण किए जाने का सिलसिला जारी है बताया जाता है की जय स्तंभ चौक से लेकर केंद्रीय विद्यालय के सामने और साइड में रातों-रात लोहे की गुमटी रखकर अतिक्रमण करने का सिलसिला जारी है। कुछ इसी तरह का नजारा गायत्री मंदिर के सामने भी बना हुआ है।मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सिविल और सुरक्षा विभाग के आल्हा अधिकारियों को रातों-रात अतिक्रमण किए जाने की जानकारी होने के बाद भी इन गुमटीनुमा दुकानों पर किसी भी तरह की कार्रवाई न करके आने वाले समय के लिए अपनी परेशानी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बताया जाता है की सारनी के जयस्तंभ चौक से लेकर केंद्रीय विद्यालय और गायत्री मंदिर के सामने इनदिनों लोहे की गुमटी बनाकर दुकान रखने का चलन शुरू हो गया है और इस चलन से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी का सुरक्षा और सिविल विभाग अनभिज्ञ है। यह संभव होता दिखाई नहीं दे रहा है। सूत्रों का कहना है कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के सुरक्षा एवं सिविल विभाग के आल्हा अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी अवैध तरीके से मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की भूमि पर अतिक्रमण रोकने के बजाय इसे बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं ।

#### शहर उजाड़ रहा है इसलिए अतिक्रमण जरूरी

कुछ लोगों का तर्ज है कि ताप विद्युत गृह सारनी आने की संभावना नहीं है रोजी-रोटी की तलाश में शहर के लोग पलायन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में उजड़ते शहर में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की खाली पड़ी भूमि पर अतिक्रमण करना जरूरी है। आश्चर्य की बात तो यह है की सारनी के जय स्तंभ चौक से लेकर गायत्री मंदिर के बीच तक एक समुदाय विशेष के लोगों के माध्यम से सबसे ज्यादा अतिक्रमण करके गुमटीनुमा दुकान बनाने का काम किया जा रहा है। यदि इस अवैध अतिक्रमण पर अंकुश नहीं लगाया गया तो नई इकाई के समय मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के आला अधिकारियों को इन अतिक्रमण कारियों को खाली करने में काफी ज्यादा जदो जहद करनी पड़ेगी जो मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के लिए परेशानी का कारण बन सकता है।

# संत गाडगे बाबा की पुण्यतिथि पर ताप्ती तट पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन





**मुलताई।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ताप्ती तट पर स्थित संत गाडगे मंदिर में संत गाडगे बाबा की 76 वी पुण्यतिथी मनाई गई । श्याम सेवतकर ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर गाडगे मंदिर में सुबह हवन के साथ विशेष पूजन किया गया इसके उपरांत बाबा के कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला मंडली समिती ने 17जनवरी को हल्दी,कुमकुम (मकर संक्रति) का क्रार्यक्रम करने पर विचार किया। पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष ताप्ती तट पर विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया ।

# सरकारी भवन में कर्मचारियों ने जमाया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर में खाली पड़े हुए सरकारी आवासो में विभागीय कर्मचारियों ने अपना कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। बेशकीमती जमीन में बने इन सरकारी भवन की ओर किसी का भी ध्यान नहीं जा रहा है। ग्राम पंचायत के चुने हुए जन प्रतिनिधि भी इस ओर से बेखबर है। बताया जाता है कि नगर के सीमेंट रोड़ मार्ग पर पूर्व में संचालित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र , आयुर्वेद औषधालय एवं प्राथमिक कन्या शाला के खाली हुए भवन में कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने कब्जा कर उपयोग करना शुरू कर दिया है।

#### भवन में जिम संचालित की जाए

नगर के जागरूक युवाओं ने खाली पड़े हुए भवन में किए गए कब्जा को हटाने के साथ ही यहा पर जिम संचालित करने की मांग की है। नगर में समाज सेवा के कार्य में लगे हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संजय शुक्ला का कहना है कि यदि ग्राम पंचायत भौंरा नगर के सरकारी भवन खाली कराकर लायंस क्लब को दे दे तो यहां पर नागरिकों के लिए निशुल्क जिम खोल दिया जाएगा। वहीं लायंस क्लब के पूर्व चार्टर अध्यक्ष लायन अशोक अग्रवाल का कहना है कि क्लब नगर के लोगों को स्वास्थ के लिए भी कार्य करना चाहता है। भवन की कमी की वजह से क्लब की गतिविधि निरंतर नहीं हो पा रही है।

#### निर्देश दिए हैं

नगर के सरकारी स्कूल एवं अस्पताल के खाली हुए भवन में कब्जा कर उपयोग किये जाने की शिकायत पर सभी कब्जा करने वाले लोगों से भवन खाली करने के लिए कहा गया है।
**राजेश उइके,** सचिव ग्राम पंचायत भौंरा।

नए भवन में शिफ्ट हो गए है। पुराने भवन का उपयोग कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है।
**डॉ प्रहलाद नागले,** आयुर्वेद एवं प्राथमिक स्वास्थ केंद्र

# शिवानी ने एमए समाजशास्त्र में लाए 74.11 प्रतिशत अंक



**बैतूल।** नगर के सदर निवासी, लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त अनूप तिवारी की मेधावी बिटिया शिवानी तिवारी ने एमए समाजशास्त्र की परीक्षा 74.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण की है। शिवानी जेएच कॉलेज की छात्रा हैं। उन्होंने छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी से वर्ष 2021-22 में यह परीक्षा दी थी। शिवानी की इस उपलब्धि पर परिजनों, शुभचिंतकों, ईष्टमित्रों, सहपाठियों सहित गुरुजनों ने उन्हें बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## मंडी में किसानों का नहीं हो रहा भुगतान

**बैतूल।** अनाज तिलहन संघ द्वारा सचिव कृषि उपज मंडी समिति को मंडी में भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में संघ ने आरोप लगाते हुए कहा कि मंडी प्रांगण में किसानों को नगद भुगतान प्राप्त नहीं हो रहा है। नीलामी के समय ढेर पर कहा जाता है कि भुगतान 8-10 दिन बाद देंगे। जो भुगतान किया जा रहा है वह भी काट कर दिया जा रहा है। मंडी में भुगतान की स्थिति दयनीय है। किसानों को भारी आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि किसान लोग जब शिकायत करते है तो उनकी शिकायत नहीं ली जाती है। एक व्यापारी द्वारा विगत चार माह से किसानों का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इस तरह की घटना की पुर्नावृत्ति ना हो इसके लिए कड़े नियम व दिशा-निर्देश जारी किए जाए। मांगे नहीं माने की दशा में कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। संघ के सदस्य प्रमोद अग्रवाल, रामकिशोर राठौर, आलोक मालवीय राकेश शर्मा, रानीदान लुनिया, शक्ति अग्रवाल, राहित अग्रवाल, प्रमेन्द्र राठौर, पवन अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# बाइक की आमने-सामने से टक्कर, चार घायल

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम झिल्पा के पास मोड़ पर दो बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई । दुर्घटना में दोनों ही बाइक सवार चार लोग इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दो घायलों को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है वही दो को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजीत परते उम्र 25 वर्ष निवासी पलाशपानी और उसके मामा का लड़का सोहेल धुर्वे उम्र 17 वर्ष निवासी गेड़ीढाना, बुधवार सुबह शाहपुर से ग्राम झिल्पा जा रहे थे, तभी ग्राम के पास मोड पर सामने से आ रही बाइक से अचानक ही जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार चार लोग इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने चारों ही घायलों को गंभीर हालत में शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। जहां पर दो युवकों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल बैतूल रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दो घायलों को जिला अस्पताल और दो घायलों को शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां पर डॉक्टर द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### ग्रामीण पाठशाला में आज भी है पारिवारिक माहौल

# शाला शिक्षक ने जरूरतमंद बच्चों को वितरण किए गरम स्वेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

ग्रामीण क्षेत्र की पाठशालाओ में आज भी शाला, शिक्षक, विद्यार्थी और पालको के बीच एक पारिवारिक रिश्ता दिखाई देता है। जहां शिक्षक भी अपने सामाजिक जीवन की खुशियां विद्यार्थियों के बीच साझा करते हैं। वही विद्यार्थी भी इस परंपरा को आगे बढ़ते हैं इसका उदाहरण है शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महतपुर जहा के शिक्षक अभिनंदन सिंह रघुवंशी प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन की खुशियां अपने विद्यार्थियों के बीच साझा करते हैं। और क्योंकि उनका जन्मदिन ठंड के मौसम में आता है वह अपने शाला में अध्यनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क गरम स्वेटर प्रदान करते हैं । अभिनंदन सिंह रघुवंशी ने इस वर्ष भी 50 से अधिक छात्र-छात्राओं को अपने जन्मदिन के अवसर पर स्वेटर वितरण किए। बीते 5 वर्षों से शाला परिवार महतपुर शाला मे इस दिन एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें संपूर्ण शाला के शिक्षक एवं विद्यार्थी भाग लेते हैं। शिक्षक अभिनंदन रघुवंशी शुभकामनाओं के साथ ही विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण करते है । इस वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शाला शिक्षक गण सरला घोरसे प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक गीता कालभोर, संजय रघुवंशी, बी. एल चौकीकर, दिव्य पवार,पी.आर साबले, अनिल तुरिया, तारेंद्र रघुवंशी की उपस्थिति में 50 से अधिक विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरण किए गए शिक्षक गण बताते हैं कि साला में ऐसे बहुत सारे बच्चे ऐसे होते हैं जिनके पास गर्म कपड़े नहीं होते इस प्रकार जहां जरूरतमंद बच्चों को गर्म स्वेटर उपलब्ध हो जाता है वहीं एक से कलर के यह स्वेटर गणवेष का हिस्सा भी दिखाई देते हैं।

### सीसीटीवी से होगी निगरानी, वन्यजीवों से बचाव के लिए वन विभाग की टीम रहेगी तैनात

# नो व्हीकल जोन और पॉलीथीन मुक्त रहेगा मठारदेव बाबा का मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




श्रीश्री1008 बाबा मठारदेव बाबा का मेला प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 12 से 22 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। मेले के सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर बुधवार को नगर पालिका परिषद सारनी में विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मेले को लेकर सुझाव भी लिए गए।नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर 3.30 बजे से बैठक शुरू हुई।नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर डॉ.अभिजीत सिंह,सांसद प्रतिनिधि रविंद्र पांसे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम,बीएमओ घोड़ाडोंगरी संजीव शर्मा, सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे, मप्रविविकंलि के प्रबंधक टॉउन प्रमोद वरकडे, मप्रपाजकलि के सिविल ईई आरके सोनी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। सीएमओ सी.के.मेश्राम ने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा मेले की संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक पूर्व तैयारियां कर ली गई है।जरूरी टेंडर भी निकाल दिए गए हैं। मेला परिसर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।स्वच्छता के लिए मेला परिसर को पॉलीथिन मुक्त रखा जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि मेला परिसर में बेहतर से बेहतर व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी।इसके अलावा समय-समय पर मिलने वाले सुझावों पर भी नगर पालिका कार्य करेगी। नगर पालिका द्वारा मेला परिसर में आवश्यक सुविधाओं के अलावा मनोरंजन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।एसडीएम डॉ.अभिजीत सिंह ने बताया कि मेला परिसर में बेहतर व्यवस्थाओं को लेकर तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार सभी विभागों को समन्वय बनाकर ही कार्य करना चाहिए।उन्होंने कहा कि हालांकि नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा बेहतर से बेहतर व्यवस्था मुहैया कराई जाती है।लेकिन कोई अप्रिय घटना ना हो इसकी जिम्मेदारी सभी विभागों की है।उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित तरीके से किया जाए, सफाई व्यवस्था बेहतर हों,बंदरों और वन्य जीवों से सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम तैनात रहें स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र,एंबुलेंस हों, पेयजल,पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो साथ ही शासन द्वारा समय समय प्राप्त कोविड नियमों का पालना भी करना होगा। सारनी थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने मेला परिसर को नो व्हीकल जोन बनाने की बात कही। बैठक में श्री मठारदेव बाबा मेला समिति के पदाधिकारियों ने भी सुझाव दिए। बैठक में परियोजना अधिकारी संगीता धुर्वे,मठारदेव बाबा मेला समिति के अध्यक्ष डीके गौतम, सचिव ओएस राजपूत, अमरीश रघुवंशी, सीएसी केके अतुलकर, बीएसी आरके बैठे, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल, नितिन मीणा, सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार, विनायक बागड़े, केएल सोनारे, हितेश शाक्य, दिलीप भालेराव, श्रीपत काटोलकर, आरएस सतवंशी, गुरुस्वामी एरुलू, लक्ष्मण पंडाग्रे, अक्षय जोशी के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

गिरदावरी में हेर-फेर, विपणन, मिलरों व स्थानीय प्रशासन की मौन सहमति से व्यापारियों की चांदी

# पूसा की उपज 90 प्रतिशत तो समर्थन मूल्य पर क्रांति धान की बंपर खरीदी कैसे हो गई?

सोहागपुर ब्लॉक में क्रांति धान का क्षेत्राच्छादन और उत्पादन न के बराबर है लेकिन समर्थन मूल्य पर इसकी बंपर खरीदी? कई सवाल खड़े करती है। अब देखना है कि मामला कैसे निपटता है।

संदीप चतुर्वेदी ⏭ सोहागपुर



समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदी जाने वाली और सरकारी तन्त्र की लोलुपता ने सरकार को करोड़ो रुपए का चूना लगाने की ठान ली है। मध्य प्रदेश शासन को यदि उनके नुमाइंदे ही गड्ढे में धकेलने की सोच लें तो फिर आप किसानों और मिलरों से सरकार की बचाने की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। किसान एक तरफ अपनी आय दोगनी करने की बात सरकार से करता है तो वहीं अज्ञानता या थोड़े मोटे लालच के चलते व्यापारियों की चांदी कटवा रहा है। सोहागपुर ब्लॉक में समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही धान खरीदी केंद्रों में आई और धान की बम्फर आवक से सब भौंचक्का रह गए है। हैरतंगेज कारनामों के लिए सोहागपुर ब्लॉक में पिछली मूंग की खरीदी में मोहर भी लगा दी है फिर भी धान मूंग की खरीदी में लपके लपकाए दलाल वा व्यापारी किसान की शक्ल में काला बाजारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### ब्लॉक धान की पैदावार के लिए जाना जाता है

सोहागपुर ब्लॉक पूसा बासमती धान की पैदावार के लिए जाना जाता है। एक आंकलन के अनुसार तकरीबन 1000 एकड़ में 990 एकड़ में पूसा बासमती धान किसानों द्वारा उपजाई की जाती है। तो आखिर समर्थन मूल्य पर खरीदी केंद्रों में खरीदी जा रही में क्रांति धान कहां से पैदा हो गई है। उदाहरण के तौर पर शोभापुर से कोहानी रोड के किसानों से चर्चा पर उन्होंने बताया कि कोई ऐसा किसान नहीं है जो कि क्रांति धान की पैदावार करता हो तो वहीं शोभापुर से रेवाबनखेड़ी रोड में सेका खेड़ी के कुछ किसानों वा शोभापुर में तीन चार किसानों द्वारा क्रांति धान की पैदावार की जानकारी अमूमन सार्वजनिक है तो ये आखिर क्रांति धान क्या तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय और विपणन अधिकारी के पन्नो में ही उगाई गई है ? यदि ये धान इतनी बड़ी मात्रा में सोहागपुर विकास खंड में पैदा भी हुई है तो फिर किसान मंडियों में कौन सी बेंच रहा है। मोटे तौर पर धान से चावल बनाने की प्रक्रिया के लिए मिल के माध्यमों का उपयोग किया जाता है। सरकार यदि वेयरहाउसों से खरीदी हुई धान को मिल तक पहुंचा रही है तो फिर मिलरों से पूंछा जाना चाहिए कि चावल कहां है। काले कारनामों का आलम ये है कि चावल बनाने के नाम पर निकाली जाने वाली अधिकांश धान व्यापारियों के पास सरकारी तंत्रों की मिलीभगत के चलते पहुंचाई जा रही है और फिर यही धान खरीदी केंद्रों में गिरदावरी में हेर फेर करके समर्थन मूल्य पर बेंचकर सरकार को एक नही तीन तीन रूपों में चूना लगाया जा रहा है।

**क्रांति की अपेक्षा पूसा बासमती क्यों बोते हैं किसान**

सोहागपुर ब्लॉक में किसानों के अनुसार क्रांति धान की अपेक्षा पूसा बासमती धान की इसलिए अधिक पैदावार की जाती है क्योंकि उसकी कीमत दुगने के करीब होती है तो वहीं एकड़ के हिसाब से अधिक एवरेज देती है तो ऐसे में भला कैसे कोई किसान क्रांति धान की पैदावार करेगा। गिरदावरी की यदि हकीकत चेक की जाए तो एक खेत में एक सीजन में दो दो किस्म की धान पैदा होना पाया जाएगा जो कि तहसील कार्यालय से लेकर एस डी एम कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों की मौन सहमति जताई जा रही है। तो वहीं विपणन अधिकारी को भी समितियों के माध्यम से मोटी कमाई के अवसर प्रदान करता है ऐसे में इस सिस्टम को रोकने के लिए कलेक्टर महोदय आखिर क्या कदम उठाते हैं।

**बेतुके जवाबः गिरदावरी में धान का उल्लेख, किस्म का नहीं**

तहसीलदार अलका एक्का से जब सोहागपुर में धान की क्रांति की किस्म की पैदावार के संबंध में सवाल पूछा गया कि सोहागपुर में नाम मात्र की क्रांति धान पैदा होती है तो फिर आज खरीदी केंद्रों में समर्थन मूल्य पर इतनी आवक कैसे, इस पर उन्होंने बताया कि गिरदावरी में धान का उल्लेख होता है धान की किस्म का नही। व्यापारियों की धान खरीदी पर उन्होंने कहा कि यदि शिकायत आती है तो हम कार्यवाही करेंगे।

# नीलामी बंदः मनमाने तरीके से बोली लगाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



कृषि उपज मंडी में धान की खरीदी तथा अन्य अनाज की खरीदी हो रही है बाहर के सीटों में पश्चिम की तरफ धान की खरीदी हो रही है। जिसमें रायसेन जिले के बरेली ग्राम के पास देहरी ग्राम के किसानों ने आकर धान पिपरिया में बेचने का निर्णय लिया है। लेकिन धान में लेकिन धान में पानी लगा होने के कारण व्यापारी कम दामों में धन खरीदना चाहते हैं जिसका किसान विरोध कर रहे हैं किसान के द्वारा बरेली तरफ के लगभग 10 किसानों ने एक साथ धान बेचने का निर्णय लिया है। सिर्फ एक किसान की धान में पानी लग चुका व्यापारी एवं मंडी सचिव राघवेंद्र राठौर के द्वारा बताया गया कि डेहरी के किसान की धान में पानी लगा है जो धन नीचे से पीकने ने लगी है।

किसानों को कहना है कि व्यापारियों के द्वारा सबसे निम्न स्तर के रेट में धान मांगी जा रही है और वह धानअच्छी रेट में बेचना चाहते हैं। इसलिए नीलामी में अधिकारी भाग नहीं ले रहे हैं और ना ही व्यापारी भाग ले रहे हैं लगातार 3 दिन से युक्त किसानों के हल्ला गुल्ला किया जा रहा है तथा शराब पीकर गाली गलौज की जा रही है इसलिए व्यापारी नीलामी में भाग नहीं ले रहे हैं। इसमें मंडी सचिव ने नायब तहसीलदार दिनेश महतो एवं चार पुलिस आरक्षक सहित अन्य अधिकारियों को बुलाया उनके समक्ष नीलामी की गई नीलामी प्रारंभ हुई और तीसरे ढेर पर उक्त किसानों के हल्ला गुल्ला चालू कर दिया गया क्योंकि बाजू की ट्राली को 4300 के रेट में खरीदा गया था और देहरी के किसान की ट्राली की धान को 2400 क्विंटल में खरीदा गया। रायसेन जिला रायसेन जिले के किसानों ने एकता बताते हुए सभी धन एक ही रेट में खरीदने का दबाव बनाया जिसमें पुलिस प्रशासन के द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन किस शराब के नशे में होने के कारण उन्होंने बात नहीं मानी आखिर व्यापारियों के द्वारा आगे की धान की नीलामी की गई और वह धान खरीदी गई। उक्त धन को नहीं खरीदा गया उसे किसान को निरस्त करने की बात कही गई तथा किसानसे कहा कि आप अन्य जगह भी ले जाकर बैंच सकते हैं। इस तरह से व्यापारियों के द्वारा एक देर को अच्छे रेट में खरीद लिया जाता है और शेष वर को मनमाने रेट में खरीदा जाता है इसका किसान लगातार विरोध कर रहे हैं लेकिन अधिकारी व्यापारियों का पक्ष लेते हुए नजर आते हैं ऐसा किसने का आरोप है। देवेंद्र नेगी पनारी वालों ने बताया कि वह 3 दिन से लगातार यही मसला चल रहा है वह भी धन लेकर आए हैं लेकिन उनकी अभी बोली प्रारंभ नहीं हुई है। मंडी सचिव राघवेंद्र राठौर की चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त किसान के द्वारा शराब के नशे में स्टाफ एवं व्यापारियों को गाली गलौज की जा रही है लगातार 2 दिन से नीलामी निरस्त हो रही थी इसलिए नायब तहसीलदार एवं पुलिस को बुलाया गया उसके बाद भी किसान के द्वारा अपनी धन कम रेट में होने की बात कही गई और पुनः शराब के नशे में चक्कर लाश की गई इसलिए अगले किसने की नीलामी की गई उसे देर को फिर छोड़ दिया गया है।

# बैठकः शहर की ट्रैफिक व्यवस्था एवं मांस फल, सब्जी की दुकान का हो निर्धारन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



स्थानीय प्रशासन द्वारा अनुविभागी अधिकारी प्रमोद गुर्जर द्वारा सिवनी मालवा क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था हेतु बस, ऑटो चालकों, व्यापारियों एवं मांस मटन फल, सब्जी की दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को समझाइए दी गई की सभी के सहयोग से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व्यवस्थित करना है। इसमें सभी को यह निर्देश दिए गए। निर्धारित स्थान पर ही बसों का स्टाप करना है एवं ऑटो को भी दिए गए स्थान पर ही पार्किंग करना है। इसके साथ ही मास मटन फल सब्जी की दुकानों को भी निर्धारित स्थान पर ही लगाना है। ताकि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था व्यवस्थित रह सके इसमें जो भी दुकानदार, ऑटो चालक बस चालक नियमों का पालन नहीं करेंगे उन पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे बैठक में एसडीम प्रमोद सिंह गुर्जर, सीएमओ शीतल भलावी, थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती, मुख्य लिपिक संजय गोयल, राजस्व उप निरीक्षक अमर सिंह उइके, स्वच्छता निरीक्षक डॉक्टर प्रशांत कुमार शर्मा, सचिन मलैया, अशोक मीना समस्त व्यापारी संघ के प्रतिनिधि, पत्रकार, बस ऑटो चालक एवं अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह गुर्जर ने बताया कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से व्यापारी संघ बस, ऑटो संघ, फल सब्जी मांस मटन की दुकान लगाने वाले दुकानदारों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को नियम का पालन करते हुए अपना व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि निकाय द्वारा निर्धारित स्थान के अलावा बिना अनुमति के मांस मटन, फल सब्जी की दुकान लगाने वाले दुकानदारों पर समझाइए दी जाकर दोबारा नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर जमाने की कार्यवाही की जा रही है ताकि शहर को स्वस्थ करने में सभी का सहयोग मिल सके।

# कन्या महाविद्यालय में सुशासन और सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनीमालवा



शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के निर्देशन में कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.सतपुड़ा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक 1728/553 8 दिसंबर के अनुसार विकसित भारत 2047 आइडिया पोर्टल के तहत महाविद्यालय में 'सुशासन और सुरक्षा' पर परिचर्चा एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम सयोजक मनोज कुमार प्रजापति द्वारा कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला गया एवं डॉ.बाऊ पटेल द्वारा सुशासन को परिभाषित किया।

कार्यक्रम के वक्ता प्रो. रजनीश जाटव ने सुशासन हेतु पारदर्शिता के महत्व को रेखांकित किया। इसके बाद वक्ता डॉ. टी टी एक्का द्वारा बताया गया कि सुशासन ही सुरक्षा की गारंटी है। डॉ. धर्मेंद्र सिंह द्वारा सुशासन एवं सुरक्षा में अंतरसंबंध पर प्रकाश डाला। डॉ. पदम शर्मा ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना में सुशासन से संबंधित तत्वों पर प्रकाश डाला। डॉ. मनीष दीक्षित द्वारा सुरक्षा के संबंध में चर्चा की। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा भी भाग लिया। बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा कु. पूजा यादव ने सुशासन किसे कहते हैं, विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा कु. मेकलसुता यादव ने सुशासन में आने वाली चुनौतियों के विषय में बताया। बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. रजनी भार्गव द्वारा सुशासन के सिद्धांत के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की ग्रंथपाल काजल रतन ने सभी का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# महंत पवनसुत दास ने मांगे प्राचीन रामलला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



षडदर्शन विश्व अखाड़ा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष महंत पवनसुखदास देश के जिन चुनिंदा लोगों में शामिल है जिन्हें नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आमंत्रण प्राप्त हुआ है। वकील बाबा के नाम से प्रसिद्ध महंत पवनसुखदास ने रामलला के नूतन विग्रह (मूर्ति) की प्राण प्रतिष्ठा पर सवाल उठाते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास महाराज, महासचिव चंपतराय को पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश व रामजन्मभूमि न्यास के न्यासियों को भेजी गई है। वकील बाबा का कहना है कि रामलला का प्राचीन विग्रह संघर्ष और बलिदान का साक्षी रहा है। उसके स्थान पर नूतन विग्रह की प्रतिष्ठा समझ से परे है, उन्होंने मांग की है कि नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राचीन विग्रह की सेवा जारी रहना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा हो तो नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्राचीन विग्रह षडदर्शन विश्व अखाड़ा परिषद को सौपा जाए हम पूरी श्रद्धा भाव से उनकी सेवा करने को तैयार है। महंत पवन सुत दास महाराज के बारे में उल्लेखित है कि वह तर्क संगत और शास्त्र संगत ऐसे प्रमाण प्रस्तुत करते हुए कि धर्म को अपना मार्ग मानने वाले उनसे किंतु परन्तु नही करते हैं।

### आज निकलेगी पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा

**माखन नगर।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम लला जी के अयोध्या मै प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूजत अक्षत कलश की शोभा यात्रा 21 दिसंबर सुबह 10: बजे से निकली जा रही हे शोभा यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर बस स्टेण्ड से प्रारंभ होकर मंगल वारा स्थित बालाजी मंदिर पहुंचेगी जहां पूजित अक्षत कलश का पूजन कर आरती की जाएगी विश्व हिंदू परिषद माखन नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने समस्त धर्म प्रेमियों को शोभा यात्रा में शामिल होने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

### मनुष्य मिलन योग साधना शिविर में प्रतिदिन योग कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं साधक



**माखन नगर।** प्रतिदिन सूर्योदय के समय नगर के योग साधक हाई स्कूल प्रांगण में लगातार 7 वर्ष से मनुष्य मिलन योग साधना शिविर में पहुंचकर योग कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। साधक प्रतिदिन सुबह 6 बजे शिविर में शामिल होते हैं और संगीत की लय पर योग साधना करते हैं प्रतिदिन योगाभ्यास करने के पश्चात साधक प्रतिदिन आयोजन स्थल पर फलाहार करते हैं। शिविर के 7 वर्ष पूर्ण होने पर योग साधकों ने योग गुरु बसंत सिंह राजपूत रानी राजपूत एवं सुंदर जांगड़े का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। मनुष्य मिलन साधना शिविर का शुभारंभ योगाचार्य नितेश खंडेलवाल द्वारा 7 वर्ष पूर्ण पहले किया गया था जो आज तक निरंतर जारी है।

### कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



**सिवनीमालवा।** शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके रघुवंशी तथा नोडल अधिकारी डॉ. एके यादव के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गठित समिति सदस्यों द्वारा दिनाँक 20 दिसंबर 2023 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चतरखेड में प्रवेश प्रक्रिया एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्राध्यापक डॉ जया कैथवास, डॉ आरती पडियार तथा कमल अहिरवार ने कुसुम महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जिसमे जिम, खेल सुविधाएं, प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क क्लासेस, इग्नू एवं भोज सेंटर, इनक्यूबेशन सेंटर, एनसीसी, एनएसएस, स्मार्ट क्लास, ई लाइब्रेरी, गर्ल्स कॉमन रूम, से संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर समिति सदस्य, विद्यालय प्राचार्य, विद्यालय स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### व्यवस्था को परखने एसडीएम कोरी निकली बाजार की सड़कों पर



**इटारसी।** मंगलवार रात एसडीएम नीता कोरी, एसडीओपी और टीआई सहित अपनी टीम के साथ बाजार में व्यवस्था की परख करने निकली। जहां कमियां दिखीं, सुधार के निर्देश दिये। जहां जरूरत देखी उसे पूरी करने मातहतों को निर्देश दिये। एसडीएम के साथ एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान, टीआई गौरव बुंदेला के साथ ही पुलिस दल के साथ बाजार की सड़कों पर पैदल निकला। उन्होंने सबसे पहले बाजार की यातायात व्यवस्था को देखा। उसके साथ ही ठंड से लोगों को बचाने अलाव की व्यवस्था को देखा। इसके साथ ही गरीबों के लिये बनाये गये रैन बसेरे की व्यवस्था देखी। रैनबसेरे में उपस्थित कर्मचारी से गर्म कपड़े चादरों की जानकारी एसडीएम ली। रैनबसेरे के निरीक्षण के बाद एसडीएम नीता कोरी बाजार में पैदल ही भ्रमण करने निकली। एसडीएम ने पुलिस को भी बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। जिले के इटारसी में यातायात व्यवस्था को बेहतर किए जाने के लिए प्रशासन एवं पुलिस ने जॉइंट भ्रमण किया है। रेन बसेरा के अलावा जरूतमंद बुजुर्ग को कंबल भी प्रदान किया। अलाव की व्यवस्था कराई।

महावीर, हैदरी, विल्स, किंग्स इलेवन, भारतीय और केसीसी क्लब जीते

# क्रिकेट में लीग राउंड के मैच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



चाणक्य सर्वधर्म सद्भाव समिति द्वारा आयोजित आचार्य चाणक्य कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन छह मैच खेले गये। लीग राउंड में महावीर क्लब, हैदरी क्लब, विल्स क्लब, किंग्स इलेवन, भारतीय क्लब और केसीसी क्लब ने अपने-अपने मैच जीते। प्रतियोगिता के संयोजक जितेन्द्र ओझा ने बताया कि पहला मैच वीर शिवाजी क्लब और महावीर क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर महावीर क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 8 ओवर्स में 2 विकेट पर 95 रन बनाये। जवाब में वीर शिवाजी क्लब दस विकेट पर 83 रन ही बना सकी। 29 गेंदों में 79 रन और दो ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लेने वाले जिंसी को मैन ऑफ द मैच चुना। दूसरा मैच बिरसा मुंडा इलेवन और इंडियन हैदरी क्लब के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर हैदरी क्लब ने 5 विकेट के नुकसान पर 101 रन बनाये। बिरसा मुंडा क्लब निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 95 रन ही बना सका और 6 रन से मैच हार गया। हैदरी क्लब के हैदर ने 13 गेंद में 33 रन, हबीव ने 9 गेंद पर 24 रन बनाये। हैदरी क्लब के गेंदबाज मुश्ताक को 2 ओवर में 15 रन देकर 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना। तीसरा मैच विल्स क्लब और ग्लोरी टू गॉड के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग कर विल्स क्लब ने 4 विकेट पर 111 रन बनाये। ग्लोरी टू गॉड कुल 81 रन ही बना सका। विल्स क्लब के आकाश यादव को 13 गेंदों में 46 रन और 2 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथा मैच अखंड भारत निर्माता और किंग्स इलेवन के बीच खेला। अखंड भारत ने 4 विकेट पर 98 रन बनाये। जवाब में किंग्स इलेवन ने 103 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल की। किंग्स इलेवन के गुरुचरण सिंह 12 बॉल 30 रन व 2 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। पांचवा मैच भारतीय क्लब और बीसीसी क्लब के मध्य खेला गया। बीसीसी ने पहले बल्लेबाजी कर 5 विकेट पर 91 रन बनाये। भारतीय क्लब ने 92 रन बनाकर मैच जीत लिया। आदिल खान को 18 गेंद पर 42 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना। छटवा और अंतिम मैच केसीसी और आरसीसी क्लब के मध्य खेला गया। आरसीसी ने पहले बैटिंग करते हुए 71 रन बनाये। जवाब में केसीसी ने 72 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच 2 ओवर 26 रन 3 विकेट बंटी को चुना।

### संत गाड़गे बाबा का रजक समाज ने मनाया महा निर्वाण दिवस



**नर्मदापुरम।** स्वच्छता के जनक एवं महान समाज सुधारक रजक समाज के आराध्य संत श्री गाड़गे बाबा के महानिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) के अवसर पर बुधवार को रजक समाज द्वारा सर्किट हाउस स्थित परमहंस घाट पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान गाड़गे बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर महाआरती की गई। इस दौरान प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान परमहंस घाट पर मंदिरों के आसपास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर रजक समाज नगर अध्यक्ष मनीष परदेशी ने कहा कि संत गाड़गे बाबा ने अपनी पूरी उम्र शिक्षा, स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता का ज्ञान समाज सहित देश भर में दिया था। देश में स्वच्छता की अलख सबसे पहले संत गाडगे बाबा ने ही जगाई थी।

# विज्ञान का उद्देश्य ज्ञान प्राप्त करना और प्रौद्योगिकी को बढ़ाना है

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय में विकसित भारत 2047 के लिए नव प्रवर्तन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने विषय विशेषज्ञों डॉ विनोद कुमार कृष्णा एवं डॉ शिरीष परसाई के साथ परिचर्चा में भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि विकासशील से विकसित भारत की यात्रा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नव प्रवर्तन से संभव है। हमारे नए भारत के युवा नव प्रवर्तक वर्ष 2047 तक भारत को एक वैज्ञानिक तकनीकी केंद्र बनाने में योगदान देने के लिए अमृत काल में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विभागाध्यक्ष डॉ संजय आर्य ने कहा कि कुछ वर्षों में भारत ने नवाचार क्षेत्र में लंबी यात्रा तय की है जिससे भारत के युवा मस्तिष्क में जिज्ञासा, रचनात्मक व कल्पना को बढ़ावा मिला है। विज्ञान का उद्देश्य ज्ञान प्राप्त करना और प्रौद्योगिकी विज्ञान सिद्धांतो को लागू करके उत्पाद उत्पन्न करना है। डॉ विनोद कुमार कृष्णा ने कहा कि किसी राष्ट्र के विकास में वहां के विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कृषि, सामाजिक और आर्थिक विकास विज्ञान के द्वारा ही संभव है। विकसित भारत 2047 के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का विकास अनिवार्य है। डॉ शिरीष परसाई ने कहा कि 21वीं सदी में देश को विकसित राष्ट्र बनाने का एकमात्र विकल्प विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी है। देश की तरक्की के पैमाने का निर्धारण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर निर्भर करता है। रक्षा प्रौद्योगिकी, चिकित्सा प्रौद्योगिकी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी, कृषि प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, नैनो प्रौद्योगिकी रोबोटिक्स व कृत्रिम बुद्धिमत्ता, लेजर प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, अतिचालकता आदि क्षेत्रों में भारत के बढ़ते कदम मानव कल्याण में अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रही डॉ श्रद्धा जैन ने कहा कि 21वीं सदी में भारत के विकास में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उस ऊर्जा की तरह है जो हर क्षेत्र में विकास को गति देने की ताकत रखती है। अतः हमें भारत को अनुसंधान एवं नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए कार्य करना होगा। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी अपने विचार रखें।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया के साथ-साथ संयुक्त कलेक्टर केसी परते व रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू, एसडीएम आशीष खरे व अशोक डेहरिया सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को राजस्व प्रकरणों के निराकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### व्यय प्रेक्षक की बैठक 28 दिसंबर को

**हरदा।** विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक एन.संजय गांधी 28 दिसम्बर को अभ्यर्थियों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता की बैठक लेंगे। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 2 बजे से आयोजित की गई। सभी अभ्यर्थियों से विधानसभा निर्वाचन के व्यय लेखा संबंधी जानकारी निर्धारित प्रारूप में लेकर बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

### 22 को दिलाई जाएगी शपथ

**हरदा।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म-दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। शनिवार 24 दिसंबर को रविवार व 23 दिसंबर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने से 22 दिसंबर को 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को 22 दिसंबर को अपने-अपने कार्यालयों में सुशासन दिवस की शपथ लेने के निर्देश दिए हैं।

### अधिनियम के बारे में बच्चों को प्रशिक्षण दिया

**हरदा।** मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवा के तहत बुधवार को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के संबंध में शासकीय मॉडल स्कूल चौकड़ी व द हुकुमचन्द मेमोरियल हायर सेकंड्री स्कूल सिराली के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा संजय त्रिपाठी ने बताया कि इस दौरान बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से फिल्म कोमल दिखाई गई। प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास खिरकिया कविता चौधरी ने बच्चों को गुड टच बेड टच तथा चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098 के बारे में बताया।

---

### किसान बोले - सड़क में खेत कटा, नहीं मिला मुआवजा, लोगों ने समझाया

# समेड़ा क्षेत्र के किसानों ने पीपलगोन लोंदी निर्माणाधीन सड़क का काम रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

कसरावद तहसील क्षेत्र में 54 करोड़ लागत से बन रहे कसरावद से पीपलगोन लोंदी तक 23 किमी मार्ग का काम चल रहा है। निर्माणाधीन सड़क किनारे के बाड़ी समेड़ा के 25 से ज्यादा किसानों का आरोप है कि रोड में उनकी जमीन चली गई। शासन की ओर से उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया है और निर्माण कार्य चल रहा है। विभागीय स्तर पर अधिकारियों को बताया गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। बुधवार को 3 बजे किसानों द्वारा रोड पर पत्थर डालकर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई, जिसके चलते लगभग आधा घंटा ट्रैफिक जाम रहा। स्कूली बच्चों व यात्रियों को हो रही परेशानियों को देखते हुए कुछ लोगों ने समझाइश दी। उन्हें बताया गया कि इससे लोगों को परेशानी हो रही है अपनी बात को उचित माध्यम से राखी जाना चाहिए। दोपहर 3.30 बजे किसान माने। उधर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी का कहना है यह रोड पुराना है। 52 फीट के दायरे में ही बनाया जा रहा है। मुआवजा जैसी कोई बात अभी तक सामने नहीं आई है यदि किसानों को समस्या है तो उसे दिखाकर कोई निर्णय लिया जाएगा।

**चार में से दो बीघा ही खेत बचा, मुआवजा नहीं मिला**



पीड़ित किसान अजय भूवनीराम ने कहा इस क्षेत्र में तीन रोड गुजरी हुई हैं लेकिन एक बार भी मुआवजा नहीं मिला। चार बीघा जमीन थी रोड में कटकर दो बीघा ही रह गई। गरीब किसान हूं, छोटे बच्चे हैं। प्रशासन स्तर पर विभागीय अधिकारियों को बताया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। रोड रोकना पड़ा है, जो भी सजा हो दे सकते हैं। चना, गेहूं व केला फसल पर धूल की परत किसान श्याम यादव, पवन जायसवाल, सुमित जायसवाल, शिवनारायण घीसीलाल आदि के आरोप है कि कसरावद से दोगावा तक गिट्टी बिछा दी गई है। इस वजह से मार्ग पर मिट्टी व धूल उड़ रही है। निर्माण के दौरान पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। रोड के दोनों ओर खेतों में लगी सैकड़ों एकड़ में लगी केला, चना, गेहूं व अन्य फैसले खराब हो रही है। फसलों का धूल के परत छा गई है।

**सड़क पुरानी ही बन रही**

सड़क पुरानी ही बन रही है और 52 फिट के दायरे में ही निर्माण हो रहा है। मुआवजे जैसी अभी कोई बात नहीं आई है।

- विजय पंवार, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग खरगोन

---

## नर्मदा क्षेत्रीय जाट युवा संगठन ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

संसद सदन के बाहर देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाकर अपमान करने को लेकर जाट समाज में आक्रोश है। बुधवार को शहर के वीर तेजाजी चौक पर नर्मदा क्षेत्रीय जाट युवा संगठन ने उपराष्ट्रपति धनकड़ के अपमान के विरोध में टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी एवं राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध जताया है। वहीं दोनों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई है। जाट समाज के युवाओं ने दो टूक कहा कि हमारे समाज के गौरव एवं देश के उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज के युवाओं ने दोनों सांसदों से उपराष्ट्रपति से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। समाज के युवा सदस्य अरविंद बेड़ा का कहना है कि यह कृत्य बहुत ही निंदनीय है। जिसको लेकर पूरे जाट समाज के लोगों में खासा आक्रोश है। युवा सदस्य अंकित चोयल का कहना है कि जाट समाज ने इस घटना को जाट अस्मिता से जोड़ते हुए कांग्रेस को आगामी लोकसभा चुनाव में देख लेने की चेतावनी दी है। पुतला दहन में बड़ी संख्या में जाट समाज के युवा सदस्य मौजूद रहे।

बता दें कि मंगलवार को सदन के बाहर विपक्षी सांसद आदि एकत्र थे। उसी दौरान टीएमएसी सांसद कल्याण बनर्जी ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने मिमिक्री की थी। टीएमसी सांसद द्वारा की जा रही मिमिक्री का वीडियो राहुल गांधी द्वारा बनाया जा रहा था, जिसको लेकर उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने कड़ी आपत्ति की थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विपक्षी नेताओं की ऐसी हरकत को गलत बताया था।

---

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रोटेम स्पीकर ने दिलाई शपथ

## विधायक तनवे ने भोपाल विधानसभा में ली पद और गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा



वर्षों बाद जिला मुख्यालय खंडवा विधानसभा क्षेत्र में महिला प्रतिनिधि के रूप में ऐतिहासिक मतों से कंचन मुकेश तनवे क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से विधायक बनी हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 19वीं विधानसभा का विधानसभा सत्र के दौरान शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

पूर्व मंत्री एवं प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। इसी कड़ी में नवनिर्वाचित खंडवा विधायक कंचन तनवे को प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद तनवे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ जनों से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री यादव को दादाजी की नगरी में आगमन का न्योता दिया। विधायक बनने एवं शपथ लेने पर क्षेत्र वासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी।

---



### राष्ट्र जागरण 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ

**रहटगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में राष्ट्र जागरण 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन, ग्राम फुलडी में संपन्न होने जा रहा है। जिसमें सभी की गरिमा में उपस्थिति हेतु , आमंत्रण, भव्य जल कलश यात्रा एवं सद्गुरु ज्ञान गंगा सब ग्रंथ शोभा यात्रा के साथ 11 जनवरी से प्रारंभ होगी।

---

## बंदीमुहाडिया के पास हुए सड़क हादसे में दो लोगों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिराली

मंगलवार रात सिराली थाना क्षेत्र के बंदी मुहाडिया के पास रात आठ बजे के आसपास हुए सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए है।जिनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कालकुण्ड की नई कालोनी में रहने वाले सोनू (20) साल और उसका भतीजा अनिलअपनी बाइक से पेट्रोल लेने सिराली जा रहे थे। वहीं ग्राम खारी निवासी भारत( 40) साल और उसका जमाई सुनील (20) साल अपनी बाइक से कमताड़ा में जा रहे थे। इस दौरान ग्राम बंदीमुहाडिया के पास दोनों बाइकों की आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसके चलते दोनों बाइक के चालक सुनील कोरकू और अनिल बारेला की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दुर्घटना में दोनों बाइक के पीछे बैठे सोनू, जो कि मृतक अनिल का रिश्ते में चाचा लगता था और दूसरी बाइक के पीछे बैठा सुनील का ससुर भारत गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सिराली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में दोनों घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर दोनों शवों को पीएम के लिए खिरकिया अस्पताल भिजवाया है। सड़क हादसे में एक परिवार के भतीजे और दूसरे परिवार के जमाई की मौत हो गई है। घटना के बाद दोनों परिवार सदमें में है।



---

### एक को किया जिलाबदर

## दो आरोपियों से भरवाएं 25-25 हजार रुपए के बंधपत्र

**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अनूप कुमार सिंह ने पप्पू उर्फ रेवाशंकर पिता प्रेमनारायण बोरासी निवासी खेड़ीघाट मोरटक्का थाना मांधाता एवं सुधीर पिता जालंधर नाथ निवासी गणेश तलाई खंडवा थाना कोतवाली की आपराधिक पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए 25-25 हजार रुपए का बंधपत्र भरवाकर प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपियों को शर्तों का पालन करने संबंधी बंधपत्र भरना होगा। आदेश जारी होने की तिथि से आगामी 6 महीने तक आरोपियों को प्रत्येक माह के प्रथम एवं अंतिम सोमवार को संबंधित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगी। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एक आरोपी को जिला बदर करने के आदेश जारी किए हैं। आरोपी अनिल पिता सिद्धनाथ मिश्रा निवासी सेक्टर नंबर 5 हरसूद थाना नया हरसूद को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश जारी किए है। इस अवधि में जिला बदर आरोपी खंडवा जिले के साथ-साथ बुरहानपुर, खरगोन, देवास, बैतूल, हरदा एवं इंदौर जिले की सीमाओं में भी प्रवेश नहीं कर सकेगा।

---

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जांच शिविर संपन्न

## 18 बच्चों की सर्जरी होगी, 13 बच्चों के दिल में लगेगा वाल्ब

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हमारे देश में जन्म लेने वाले 1000 बच्चों में से लगभग 7 से 9 बच्चों में हृदय रोग होने की संभावना होती है। ऐसे सभी बच्चों की पहचान कर उनका आवश्यक उपचार व सर्जरी करवाना हमारा पहला लक्ष्य है। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने निःशुल्क बाल हृदय रोग परीक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। शुभारंभ अवसर पर मॉजूद अपोलो सेज हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग जैन उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना एवं आयुष्मान भारत निरामयम् मध्यप्रदेश के हृदय रोग से पीड़ति बच्चों के चिन्हांकन के लिए शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में कुल 39 बच्चों का पंजीयन कराया गया जिनमें से 18 बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता पाई गई। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अनुराग जैन व उनकी टीम ने सभी बच्चों की ईको मशीन द्वारा जांच की।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि इन बच्चों की सर्जरी निःशुल्क करवाई जावेगी। उन्होने बताया कि आर.बी.एस.के. कार्यक्रम के तहत मोबाईल हेल्थ टीमों द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र व स्कूल में नियमित रूप से भ्रमण कर स्क्रीनिंग की जाती है। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान ही ऐसे बच्चों का चिन्हांकर कर उनकी जॉच हृदय रोग विशेषज्ञ से करवाने के बाद उनकी सर्जरी होती है। इस वित्तीय वर्ष में कुल 11 बच्चों के हृदय की सर्जरी जिले में करवाई जा चुकी है। आज के शिविर में सर्जरी व वाल्ब के लिए चिन्हांकित बच्चों की आगामी माह में सर्जरी होगी। शिविर में डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. मंजू वर्मा, डॉ. गीतांजली उईके, डॉ. विजयश्री मीना, डॉ. आशीष धुर्बे एवं डॉ. परमानंद छलोत्रे ने बच्चों की सामान्य जांच में सहयोग प्रदान किया।

---

### नौ दिवसीय कथा का समापन आज

## राम-भरत सा प्रेम अनुकरणीय : कथावाचक मदनमोहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

भाई के प्रति भाई के प्रेम का अनुकरणीय उदाहरण अगर दुनिया में कोई है तो वह भगवान श्रीराम और भरत का है। भाई के लिए त्याग ओर समर्पण का भाव होना चाहिए, लेकिन आज का समय विपरीत हो गया है। भाई की विपत्ति में काम आने के बजाय भाई-भाई से सम्पत्ति के लिए लड़ रहा है। उक्त बात कसरावद में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा समिति द्वारा आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के आठवें दिवस कथा वाचक मदनमोहन महाराज ने व्यासपीठ से कही। कथावाचक ने कहा कि समाज में संस्कारों का अभाव हो गया है, जिससे रिश्तों में खटास आने लगी है। अगर हमने हमारी आने वाली पीढ़ी को संस्कार नहीं दिए तो हमारा समाज बिखर जाएगा। संस्कार की पाठशाला श्रीरामचरित मानस है। इसलिए हमे हमारे परिवारों में प्रतिदिन शाम को सामूहिक रामायण पाठ करना चाहिए। समिति के सचिव सुधीर सराफ ने बताया की नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आज अंतिम दिवस है। कथा समापन पर शाम को महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। भागवत समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से कथा समापन में आकर कथा श्रवण एवं महाप्रसादी का लाभ लेने की अपील की।

---

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम लगातार जारी



**सिराली।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा लगातार जारी है। बुधवार को संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पिपल्या खुदिया व भगवानपुरा में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने विकसित भारत के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। शाह ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। अब हमारा देश विकसित होने की ओर अग्रसर है। इसके अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने ग्राम जूनापानी मकड़ाई में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का अवलोकन किया और हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किए। ग्राम जूनापानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी आयोजित किया गया। ग्राम खेड़ा, जूनापानी व अजनास रैयत में संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन के पहुंचने पर ग्रामीण महिलाओं व छात्राओं ने कलश यात्रा आयोजित की। विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्राम झालवा पहुंचने पर वहां स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता आयोजित की गई और स्वस्थ शिशुओं का प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। ग्राम जूनापानी में कृषि विभाग द्वारा नेनो यूरिया छिड़काव के लिए ड्रोन का प्रदर्शन भी किया गया तथा किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किये गये। इसके अलावा कृषि वैज्ञानिक डॉ. आरएस जाटव ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी।

---

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# किशोर कुमार को मिले भारत रत्न व पुश्तैनी मकान बने संग्रहालय की मांग के लिए देश भर से आए किशोर प्रेमी

किशोर समाधि स्थल पर किशोर प्रेमियों ने दूध-जलेबी का भोग लगाकर गीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




देश के महान गायक व हरफनमौला कलाकार किशोर दा को उनके द्वारा गाए गीतों और उनकी कला ने भारत को गौरवान्वित किया है। अतः पूरे देश के किशोर प्रेमियों की मांग है कि किशोर दा को भारत रत्न मिले एवं किशोर दा के पुश्तैनी मकान जहां उन्होंने जन्म लिया उस मकान को राष्ट्रीय किशोर स्मारक या संगीत का मंदिर बनाया जाए। इन मांगों के लिए पूरे देश भर के किशोर प्रेमी व संगीत प्रेमी बुधवार को खंडवा पहुंचे।

किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन एवं सचिव नारायण बाहेती ने बताया कि मंगलवार रात्रि से पश्चिम बंगाल, कोलकाता, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात व अन्य प्रांतों के किशोर प्रेमी खंडवा में एकत्रित हुए और बुधवार सुबह 11 बजे सभी संगीत प्रेमी किशोर दा के मुंबई बाजार स्थित मकान पर एकत्र हुए। किशोर दा को श्रद्धांजलि अर्पित की, भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप कोलकाता, किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच, किशोर फ्रेंस क्लब, सद्भावना मंच के तत्वावधान में 11 बजे दादा को भारत रत्न मिले एवं उनके मकान को किशोर स्मारक बनाने को लेकर खंडवा शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली। मुंबई बाजार से होकर घंटाघर, टाउन हॉल, नगर निगम पहुंची जहां पर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम सभी किशोर प्रेमियों ने मांगो का अनुरोध पत्र तहसीलदार चौहान को सौंपा। देश भर से आए किशोर प्रेमियों कार्तिक मित्रा, पराग मेहता ने शासन के समक्ष अपनी भावनाओं से अवगत कराते हुए कहाकि किशोर दा हमारे लिए गुरु एवं भगवान का रूप हैं। दादा को उनके कार्यों के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए, साथ ही दादा ने जिस मकान में जन्म लिया उस मकान को राष्ट्रीय किशोर स्मारक सरकार बनाए, ताकि किशोर दा की स्मृतियों को वहां पर सजों के रखा जा सके। यह स्मारक ही नहीं अपितु एक संगीत का मंदिर होगा। जहां नई पीढ़ी संगीत सीख कर किशोर दा जैसा नाम रोशन कर सकेगी।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि अनुरोध पत्र सोपने के बाद के बाद सभी किशोर प्रेमी किशोर दा की समाधि स्थल पर पहुंचे एवं दादा को दूध जलेबी का भोग लगाकर उन्हें नमन करते हुए गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। बाहर से आए कलाकारों ने किशोर दा के गीतों को गाकर उन्हें याद करते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बाहर से आए किशोर प्रेमियों में महिलाएं भी शामिल थी। जिन्होंने पहली बार किशोर दा की समाधि को देखा और दादा को नमन किया। इस अवसर पर समाधि स्थल को देखकर सभी खुश हुए लेकिन सभी की आंखों में खुशी के आंसू भी नजर आए। इस अवसर पर भारत रत्न किशोर कुमार ग्रुप कोलकाता के पदाधिकारी द्वारा खंडवा के किशोर प्रेमियों, पत्रकार साथियों एवं बाहर से आए सभी साथी कलाकारों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान भी किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष रणवीर चावला, सचिव नारायण बाहेती, प्रवक्ता सुनील जैन, सह सचिव सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, पवन दीक्षित, हरदीप छाबड़ा, भूपेंद्र सिंह चौहान, मनोज शाह, एनके दवे, सद्भावना मंच के प्रमोद जैन, जगदीशचंद्र चौरे, बादल शर्मा, पंडरी नाथ पटेल, मनीष गुप्ता, राजा शर्मा, देवा भावसार सहित अन्य किशोर प्रेमी उपस्थित थे।